बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

<u>मैट्रिक वार्षिक परीक्षा, 2025 की उत्तरपुस्तिकाओं के स्क्रूटिनी के लिए तिथि निर्धारित</u>

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मैट्रिक वार्षिक परीक्षा, 2025 का परीक्षाफल आज दिनांक 29.03.2025 को जारी किया गया।

2. यदि कोई विद्यार्थी अपने किसी एक विषय या किसी भी विषय के प्राप्तांक से संतुष्ट नहीं हैं, तो उनके लिए समिति द्वारा स्क्रूटिनी का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

3. ऐसे विद्यार्थी अपने संबंधित विषय की उत्तरपुस्तिका के स्क्रूटिनी हेतु दिनांक 04.04.2025 से 12.04.2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत सूचना विज्ञप्ति के माध्यम से बाद में दी जाएगी।

मैट्रिक विशेष परीक्षा, 2025 एवं मैट्रिक कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2025 के लिए
<u>दिनांक 04.04.2025 से 12.04.2025 तक भरा जाएगा ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म</u>

- मैट्रिक विशेष परीक्षा, 2025 एवं मैट्रिक कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2025 के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म दिनांक 04.04.2025 से 12.04.2025 तक भरा जाएगा। इस संबंध में विस्तृत सूचना विज्ञप्ति के माध्यम से बाद में दी जाएगी।
- समिति द्वारा इन परीक्षाओं का परीक्षाफल 31 मई, 2025 तक जारी करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों का एक वर्ष खराब नहीं हो और वे इसी सत्र में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए शिक्षण संस्थानों में नामांकन ले सकें।